https://universitynews.in/

**Total No. of Pages: 02** **[Total No. of Questions: 07]**

**2870**

# B.A. (Part-I) Examination, 2023
## (For Non-Collegiate Candidates with names beginning from A to M)
## (Compulsory Paper)
## GENERAL HINDI (सामान्य हिन्दी)

*Duration of Examination: 3 Hours* *Max. Marks: 100*
*परीक्षा की अवधि: 3 घण्टा* *पूर्णांक: 100*

***Instructions to the Candidates:***
***परीक्षार्थी के लिए निर्देश:-***

*सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।*

---

1. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिये :- 10

गणतंत्र समारोह में हर राज्य की झाँकी निकलती है। ये अपने राज्य का सही प्रतिनिधित्व नहीं करती । 'सत्यमेव जयते' मोटो है, मगर झाँकियां झूठ बोलती हैं। इनमें विकास कार्य, जन-जीवन, इतिहास आदि रहते हैं। असल में हर राज्य को उस विशिष्ट बात को यहाँ प्रदर्शित करना चाहिए, जिसके कारण पिछले साल यह राज्य मशहूर हुआ। गुजरात की झाँकी में इस साल दंगे का दृश्य होना चाहिए, जलता हुआ घर और आग में झोंके जाते बच्चे। पिछले साल मैंने उम्मीद की थी कि आंध्र की झाँकी में हरिजन जलते हुए दिखाए जाएंगे। मगर ऐसा नहीं दिखा। यह कितना बड़ा झूठ है कि कोई राज्य दंगे के कारण अंतर्राष्ट्रीय ख्याति पाए, लेकिन झाँकी सजाएं लघु उद्योगों की।

**अथवा**

सियार निर्लज्ज चाँद पर दाँत पीसते खोह में घुस गया। उसके रूप के गुमान में फूली सियारनी को काफी देर से नींद आई। सुबह दो घड़ी चढ़े मुश्किल से जगी। आँखे मलते मलते खोए से बाहर आई। सूरज उसका रूप निहारने के लिए बेसब्री से तड़फ रहा था। यह मर्दों को जाति ही भाड़ झौकने लायक है। सब एक जैसे। पर पट्ठा है तो बहुत तेजवान! तपधारी। सारी दुनिया को उजास से भरने वाला। देखे चाँद की तरह यह भी बेशर्म है कि नहीं ? प्यास न होते हुए भी वह पति के साथ चलने का आग्रह करने लगी। वह झुँझलाते बोला-"बावली, दिन को क्या डर ? तू निशंक अकेली जा।

2. 'हिंदी भाषा और उसकी विरासत' शीर्षक निबंध में व्यक्त हुई हिंदी भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 15

**अथवा**

'ये है प्रोफेसर शशांक' पाठ के आधार पर प्रो. शशांक की चारित्रिक विशेषताओं की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

3. 'लछमा' रेखाचित्र की मूल संवेदना बताते हुए लछमा का चरित्र चित्रण कीजिए। 15

**अथवा**

तुलसी के काव्य में 'कुराज' और 'सुराज' निबंध में व्यक्त हुए लेखक के विचारों को अपने शब्दों में लिखिए।

4. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों का शुद्धीकरण कीजिए। 4

(i) प्रस्तुतिकरण, (ii) अनुग्रहित, (iii) राजनैतिक, (iv) दुरावस्था, (v) अनाधिकार, (vi) मंत्रीमंडल

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए- 4

(i) पंडित नेहरू का देश उपकार नहीं भूल सकता।
(ii) एक फूलों की माला ले आइए।
(iii) मैं, तुम और राधा नाटक देखने दिल्ली चलेंगें।.
(iv) वह लड़कियाँ कल भी गीत गा रही थी।
(v) यह स्थान केवल मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित है।
(vi) मैं उसकी सौंदर्यता पर मोहित हूँ।

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के हिंदी समानार्थक लिखिए। 4

(i) Zone, (ii) Veto, (iii) Transfer, (iv) Steno, (v) Revenue, (vi) Notification



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(द) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं चार के सार्थक शब्द लिखिए- 4

(i) जहाँ पृथ्वी के तीन ओर पानी हो- (ii) जिंदा रहने की इच्छा-

(iii) गले से गला मिलाकर मिलने की क्रिया - (iv) समुद्र में लगने वाली आग-

(v) जिस बीमारी का इलाज न हो सके - (vi) अपने देश के साथ विश्वासघात करने वाला-

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्द-युग्मों का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए।

(i) अपकार-उपकार, (ii) अवदान-अवधान, (iii) अवयव-अव्यय, (iv) अस्ति-अस्थि, (v) शुचि-शची, (vi) शुल्क-शुक्ल

5. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों की संधि और किन्हीं दो शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए- 4

(i) अमि+अंतर, (ii) वर्षा+ऋतु, (iii) अनु+स्थान, (iv) जगत्+गुरू,

(v) नायुत्थान, (vi) महोत्सव, (vii) महैश्वर्य, (viii) दुर्भाग्य

(ब) निम्न में से किन्हीं दो के सामासिक पद बनाइए और किन्हीं दो का समास विग्रह कीजिए - 4

(i) वह, जिसने पीले वस्त्र धारण किए है - (ii) अंडे से जन्म लेने वाला -

(iii) बहुत है जिसके उद्देश्य- (iv) तन और मन एवं धन -

(v) गिरिधर (vi) अन्नपूर्णा,

(vii) त्रिवेणी, (viii) रेलगाड़ी

(स) निम्न में से किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए - 4

(v) अभि(vi) अनु, (vii) प्रति, (viii) निर्

(द) निम्नलिखित में से किन्हीं चार मुहावरों का अर्थ स्पष्ट कीजिए- 4

(i) सिर मुंडाते ही ओले पड़ना - (ii) लोहे के चने चबाना -

(iii) बहती गंगा में हाथ धोना - (iv) दांत पीसकर रह जाना -

(v) चांदी का जूता मारना (vi) घर फूंक तमाशा करना

(य) निम्न में से किन्हीं चार शब्दों के विलोम लिखिए- 4

(i) प्रवृत्ति - (ii) आर्द्र - (iii) सद्भावना -

(iv) अधोगामी - (v) सुषुप्ति - (vi) अनुलोम -

6. (अ) निम्नलिखित अवतरण का शीर्षक लिखते हुए एक तिहाई $\left(\frac{1}{3}\right)$ भाग में संक्षिप्तीकरण कीजिए - 4

स्वतंत्र भारत में विद्यार्थियों के कंधों पर समाज का भारी बोझा है। आज जो विद्यार्थी हैं, कल वही समाज के कर्णधार होंगे। आज के समाज में चोरी, रिश्वतखोरी, कपट, विश्वासघात, भ्रष्टाचार, गबन, घोटाले आदि असंख्य बुराइयाँ फैली हुई है, उनको रोकने तथा सभ्य समाज के निर्माण में अपना सहयोग दें। समाज के जीवन में व्याप्त दूषित तत्वों का निकाल फेंके। स्वतंत्र देश के गौरव के अनुकूल ऐसे नागरिकों की आवश्यकता है, जो ईमानदार और परिश्रमी हों। आज के विद्यार्थियों को निरंतर जागरूक रहकर सामाजिक जीवन के परिवर्तनों और प्रगति में योगदान करना चाहिए।

(ब) निम्न में से किसी एक सूक्ति का पल्लवन कीजिए - 4

'मन के हारे हार है मन के जीते जीत।'

**अथवा**

'मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना।

(स) मतदाता सूची के नाम जुड़वाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

अपने आपको पवन कुमार शर्मा, 40-श्री कृष्ण मार्ग, ब्रह्मपुरी का निवासी मानते हुए मौहल्ले में व्याप्त गंदगी के संदर्भ में प्रशासक, नगर परिषद, डूंगरपुर को एक शिकायती पत्र लिखिए।

7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए।- 8

(i) राजस्थान सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ। (ii) उच्च शिक्षा में छात्रवृत्ति-योजनाओं की भूमिका।

(iii) राष्ट्र-निर्माण में युवाओं का योगदान (iv) मोबाइल वरदान या अभिशाप। (v) पर्यावरण प्रदूषण: कारण और निवारण

* * * * *



https://universitynews.in/